– आदेश –

अतः प्रार्थीगण समदादेवी पत्नी गोकलाराम, जाति– जाट, नि0 सनावडा, तह0 बाडमेर वगैरा का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम गंगापुरा, पटवार हल्का गिराब, भु– अभिलेख निरीक्षक–गिराब तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 1003, 1303/1003 रकबा क्रमशः 33.18, 48.00 बीघा भूमि के चारों तरफ पक्के नेखमंबदी हेतु तहसीलदार गडरारोड़ को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर शुल्क 1000/– रूपये प्रार्थीगण द्वारा मौके पर अदा किया जायेगा। नेखमंदी दोनो पक्षों की मौजूदगी मे की जावे यदि मौके पर विवाद हो तो संबंधित पुलिस थाना ईमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 5.08.2019 को सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
शिव

Scanned by CamScanner

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शिव जिला बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रतापसिंह

राजस्व आवेदन संख्या :– 147/2019

क्रमांक/आवेदन/19/ 4385 दिनांक– 22/8/19

प्रार्थीगण बनाम विप्रार्थीगण

मदादेवी पत्नी गोकलाराम, जाति–जाट, 0 सनावडा, तह0 बाड़मेर वगैरा (04) — श्यामसिह पुत्र हाथीसिंह वगैरा (30)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम

आदेश

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नेखमबंदी आवेदन पर वकील प्रार्थी को सुना एवं पत्रावली का वलोकन किया गया । तहसीलदार शिव को भेजकर लेख है कि उपरोक्त प्रकरण मे ग्राम गापुरा, पटवार हल्का गिराब, भु– अभिलेख निरीक्षक–गिराब तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा म्बर 1003, 1303/1003 रकबा क्रमशः 33.18, 48.00 बीघा भूमि के चारो तरफ स्थाई पक्के खम स्थापित करने हेतु तहसीलदार गडरारोड़ को कमीशनर नियुक्त किया जाता है। र्थीगण कमीशनर शुल्क 1000/– मौके पर अदा करेंगे। कमीशनर प्रार्थीगण के खसरों की खमबंदी विप्रार्थीगण की उपस्थित में करे।

उपरोक्त नेखमबंदी कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावें ताकि खबंदी की पुष्टि की कार्यवाही की जा सके। आवश्यक होने पर संबंधित पुलिस थाना से लिस इमदाद हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी
शिव

मांक/आवेदन/19/4386-91 दिनांक–22/8/19

तिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. तहसीलदार गडरारोड़ को पालनार्थ।
2. भू–अभिलेख निरीक्षक गिराब को पालनार्थ।
3. हल्का पटवारी गिराब को भेजकर लेख है कि भू–अभिलेख निरीक्षक गिराब द्वारा निर्धारित तिथि को मय रिकार्ड मौके पर उपस्थित होकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
4. थानाधिकारी पुलिस थाना गिराब **को पालनार्थ।**
5. प्रार्थीगण **समदादेवी पत्नी गोकलाराम** वगैरा (04) **को सूचनार्थ ।**
6. विप्रार्थीगण **श्यामसिह पुत्र हाथीसिंह वगैरा (30) को सूचनार्थ।**

उपखण्ड अधिकारी
शिव

Scanned by CamScanner

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुकम की तामील में जारी हुए
5/8/17	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण वकील उप0। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र का संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की खातेदारी के खेत ग्राम गंगापुरा, पटवार हल्का गिराब, भु– अभिलेख निरीक्षक–गिराब तह0 गडरारोड़ के खेत खसरा नम्बर 1003, 1303/1003 रकबा क्रमशः 33.18, 48.00 बीघा भूमि आई हुई है। प्रार्थीगण की उपरोक्त भूमि के सेढा – सेढ ही विप्रार्थीगण की भूमि आई हुई है, प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के खेतों के बीच में किसी प्रकार की कोई पक्की माठें तथा सीमा लेते समय खेतों के सेढों के संबंध मे तनाव एव विवाद बना रहता है तथा विप्रार्थीगण प्रार्थीगण की भूमि का जबरन सेढा तोडकर प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि पर जबरन कब्जा कर लेते है। तथा प्रार्थीगण को उसकी भूमि के उपयोग एवं उपभोग मे हर समय बाधा उत्पन्न करते रहते है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण सं. 1 से 30 को जरिये नोटिस डाक रजिस्टर एडी से भेजे हुये को 30 दिन से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। अतः सी.पी.सी.Order 5 Rule 9(5) के तहत 30 दिन से अधिक समय व्यतीत होने पर मान लिया जाता है कि विप्रार्थीगण 1 से 30 के सम्मन तामील हो गए है। सम्मन तामील होने के बावजूद विप्रार्थीगण अनुपस्थित। अतः विप्रार्थीगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल मे लाई जाती है। प्रार्थीगण वकील की एक तरफा बहस सुनी गई एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत नक्शे एवं वर्तमान जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। वर्तमान नक्शे के आधार पर प्रार्थी के खेत की सीमा विप्रार्थीगण के खेत की सीमा से लगती है। अतः वर्तमान सर्वेक्षण नक्शे के आधार पर प्रार्थीगण की पक्की नेखमबंदी की मांग स्वीकार करने योग्य है। उपखण्ड अधिकारी शिव	

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Pratap Singh
Date: 2020.01.10 18:23:09 IST
Reason: SelfAttested
Location: